

### एक नजर में

## विकास खंड स्तर पर सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के सभागार में सामाजिक अंकेक्षण उपरांत प्राप्त मुद्दों पर विकास खंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।**

जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के निर्माण कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण वर्ष 2025-26 में ग्राम सभा के माध्यम से किया गया। जनसुनवाई में पेनल सदस्यों दवारा ग्राम पंचायत एजेंसी पर नियमानुसार सुनवाई करते हुए निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के प्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी मनरेगा, एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक यंत्री जनपद पंचायत, उपयंत्री, सरपंच,सचिव, जीआरएस और विकास खंड समन्वयक, व्हीएसए उपस्थित रहे।

# करंट से मौत के मामले में चार लाख की राशि स्वीकृत

**लाइन परिचारक को विद्युत कंपनी के अधिकारी ने किया सस्पेंड**

**कलेक्टर ने की मृतक के बच्चों को चार हजार रुपये देने की घोषणा**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के डुड़ियन खेरा गांव में बिजली का करंट लगने से मोहन अहिरवार की मौत के मामले में बिजली कंपनी और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की है वहीं लाइन परिचारक को सस्पेंड करने कार्यवाही को अंजाम दिया है। वही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अनुसार मृतक के बच्चों को हर महीने चार-चार हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।**

घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हुई थी। जिसमें 11 केवी सूरजपुर फीडर के तार टूटने और आपूर्ति व्यवस्था में गंभीर तकनीकी चूक के कारण मोहन अहिरवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री एसके त्रिपाठी ने बताया कि कंपनी ने अपने प्रावधानों के तहत मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की है। इसके भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही मृतक के परिवार के एक सदस्य को वैकल्पिक सहायता राहत प्रक्रिया में शामिल करने की अनुशंसा भी की गई है। प्राथमिक जांच में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर लाइन परिचारक हरिदास अहिरवार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। वितरण केंद्र प्रभारी जितेंद्र जाटव को बल्देवगढ़ से हटाकर टीकमगढ़ शहरी वितरण केंद्र में संबद्ध किया गया है। इसके अलावा सब स्टेशन ऑपरेटर से जुड़े कर्मी के खिलाफ भी सेवा प्रदाता कंपनी को दोषी कर्मी को कार्य से पृथक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बताया कि प्रशासन की ओर से भी पीड़ित परिवार को राहत दी जाएगी। मृतक के बच्चों को हर महीने चार-चार हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। डुड़ियन खेरा गांव में बिजली का करंट लगने से मोहन अहिरवार की मौत के मामले में बिजली कंपनी और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत कर लाइन परिचारक को सस्पेंड करने कार्यवाही की है।

दरअसल घटना के दिन ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। इस पर तहसीलदार अनिल गुप्ता ने कहा कि बिजली कंपनी का कोई आने को तैयार नहीं है। आप लोग जानते हैं। आपसे कोई घटना घट जाए तो आप भी मौके पर नहीं जाओगे। लोगों ने मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी की मांग की। इस पर तहसीलदार ने कहा कि नौकरी विभाग देता है। यह बिजली कंपनी का मामला है। उनके अधिकारियों से बात करेंगे। सहयोग में अगर एक नौकरी दे सकते हैं तो देना चाहिए। जूनियर इंजीनियर जितेंद्र जाटव के मुताबिकए खंभे पर चढ़ा युवक कंपनी का कर्मचारी नहीं है। वह गांव का ही रहने वाला है। यह भी जांच का विषय है कि लाइनमैन के कहने पर चढ़ा या खुद से ही चढ़ा है। फिलहाल लाइनमैन पुलिस कस्टडी में है। इस कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार को मिली सहायता से ग्रामीण एवं पीड़ित के परिजनों ने कुछ राहत महसूस की है।

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने की थी घटना की निंदा

घटना के दिन इस मामले को लेकर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय अहिरवार ने अपना एक ब्यान जारी कर बताया था कि युवक के पास कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। लाइनमैन भी मौके पर था। दरअसल लाइनमैन गांव के एक-दो लोगों को हेल्पर के तौर पर रख लेते हैं। खराबी आने पर उन्हें खंभे पर भी चढा देते हैं। उन्हें 200 से 300 रुपए भी देते हैं। मोहन अहिरवार भी ऐसा ही व्यक्ति था। ऐसे में लाइनमैन लोगों की जिंदगी को दांव पर लगाकर काम करते हैं। इस बात को गंभीरता से लेते हुए विद्युत कंपनी द्वारा इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

## शराब दुकान हटाने महिलाओं का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बड़ागांव धसान में शनिवार को आदिवासी महिलाओं ने शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने टीकमगढ़-सागर हाईवे पर जाम लगाकर शराब दुकान को हटाने की मांग की है। यह प्रदर्शन लगभग एक घंटे तक जारी रहा।**

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि शराब के कारण उनके पतियों की कम उम्र में मौत हो रही है जिससे बच्चे अनाथ हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब के नशे में पति पत्नियों के साथ मारपीट करते हैं जिससे घर का माहौल खराब हो रहा है और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। जाम की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को शांत करने का प्रयास करते हुए कहा शराब पुलिस नहीं बिकवाती सरकार बिकवाती है। आप लोगों को कलेक्टर के पास जाना चाहिए।

इसके बाद तहसीलदार पलक जैन भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को शराब दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और जाम खुल गया। प्रदर्शन के दौरान शराब दुकान संचालक अपनी दुकान बंद कर मौके से भाग गया।

## निर्वाण दिवस के अवसर पर फल वितरित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शनिवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परी निर्माण दिवस के अवसर पर आदर्श मानस प्रेरणा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में मरीज को फल वितरण कर उनका हाल-चाल जाना।**

यह एक नेक कार्य है जो दर्शाता है कि आदर्श मानस सेवा समिति समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील है। अहिरवार समाज के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार अहिरवार ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श मानस सेवा समिति ने बोधिसत्त बाबा बीआर अंबेडकर के परीनिर्माण दिवस एवं बेटे संकल्प के जन्म दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण एवं मरीज के साथ अटेंडरो को भोजन वितरण कर सभी का हाल-चाल जाना उन्होंने कहा समाज में इस प्रकार का सेवा भाव बना रहना चाहिए।

उन्होंने कहा इस पुनीत कार्य की शुरुआत शहर के बीच-बीच स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उन्हें नमन कर की जाती है इसके बाद अलग-अलग स्थान पर पहुंचकर सेवा भाव का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर एम एल अहिरवार सियाराम अहिरवार, बालचंद अहिरवार,लक्ष्मण अहिरवार,अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 102 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुड़ीला द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत पीएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ीला के 102 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में छात्र छात्राओं का वजन, दंत, पाचन, दौर्बल्यता, कृमि एवं पांडु तथा अन्य रोगों का स्वास्थ्य सर्वे कर परीक्षण किया गया एवं औषधियां प्रदाय की गई।**

स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. प्रशान्त खरे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी देरी, डॉ. रामदयाल अहिरवार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हीरापुर, कंपाउंडर बालकिशन चौरसिया, दवासाज श्रीमती सरजू सौर, योग प्रशिक्षक कमलेश लोधी तथा शिक्षक चतुर्भुज यादव, सूरज लोधी, श्रीमति रश्मि सेन एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुड़ीला द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत पीएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ीला के 102 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में छात्र छात्राओं का वजन, दंत, पाचन, दौर्बल्यता, कृमि एवं पांडु तथा अन्य रोगों का स्वास्थ्य सर्वे कर परीक्षण किया गया।

## आगजनी की घटना में घर का सामान खाक



**नवभारत न्यूज जतारा। नगर परिषद जतारा में एक मकान में आग लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। यह घटना जतारा के वार्ड नंबर 2 में हुई जहां अज्ञात कारणों से आग लग गई।आगजनी की घटना से घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया है। पीड़ित परिवार ने इस घटना को लेकर प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार संतोष साहू के मकान में अचानक आग लग गई जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के समय संतोष साहू की पत्नी रानी साहू घर के अंदर काम कर रही थीं जिससे वे बुरी तरह झुलस गईं। रानी साहू की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें तत्काल जतारा अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल टीकमगढ़ रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जतारा थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल चले गए हैं। फिलहाल महिला का इलाज कराना पहली प्राथमिकता है। इसके बाद परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## तम्बाकू मुक्त की दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके माहौर निर्देशन में एवं डॉ अमित शुक्ला सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का संचालित किया जा रहा है।

इसीक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 टीकमगढ़ में आज छात्र छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने व अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए जिला चिकित्सालय नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ वरदत्त जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। साथ ही छात्र छात्राओं को जागरूक करने के लिए कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4,5,6,7 के प्रावधानों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

## दिन में धूप निकलने से मिल रही ठंड से राहत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 48 घंटों से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया वहीं दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली है।**



भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम 13.02 डिग्री था। मंगलवार को यह 26.2 और 13.5 डिग्री रहा।बुधवार को दिन का तापमान 25.8 और रात का 11.7 डिग्री जबकि गुरुवार को अधिकतम 24.6 और न्यूनतम 11.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई जो 10.6 डिग्री दर्ज किया गया।विशेषज्ञ के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना मौसम विभाग के अनुसारए आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। इस दौरान दिन का तापमान 24.25 डिग्री के बीच बना रह सकता है जबकि रात का तापमान घटकर 8 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.पीएल विश्वकर्मा ने ठंड से बच्चों के बचाव को आवश्यक बताया है। उन्होंने सलाह दी कि सर्द हवाओं के चलते छोटे बच्चों को गर्म कपड़े और टोपी अवश्य पहनाएं। ठंड से बचने के लिए दिन में अधिकतम समय धूप में बिताएं और शाम के बाद छोटे बच्चों को लेकर दोपहिया वाहन पर यात्रा करने से बचें। पिछले 48 घंटों से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया वहीं दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा।

# कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की ली समीक्षा बैठक

**बैठक में जिले के बीईओ, बीआरसी , प्राचार्य रहे मौजूद**

**वार्षिक परीक्षा के परिणाम सुधारने के निर्देश**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में शास उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-एक टीकमगढ़ में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी ,संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने शत-प्रतिशत ऑनलाइन शिक्षक उपस्थिति के निर्देशित किया। उन्होंने सबसे खराब अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के प्राचार्यों को परीक्षा परिणाम सुधारने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही समस्त प्राचार्य से परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु सुझाव लिए व पीयर लर्निंग के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के निर्देश दिये गये।**




श्री श्रोत्रिय ने कहा कि शिक्षकों को सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षक यदि चाहे तो सभी कुछ संभव है। उन्होंने कहा कि केवल 2 माह शेष हैं और 2 माह में बच्चों की निदानात्मक व उपचारात्मक कक्षाएं लगाकर कक्षा 10 एवं 12 वीं के छात्रों को विगत वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल कराकर रिजल्ट सुधारें। बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे, कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने रैंडमली अच्छा कार्य करने वाले प्राचार्य से सुझाव लिए व खराब कार्य करने वालों को सुधार हेतु विशेष सलाह दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एचएस चौहान, डीपीसी पीआर त्रिपाठी, एडीपीसी शरद खरे, स्टेनो जीआर प्रजापति, एपीसी शैलेष श्रीवास्तव, सुभाष मिश्रा, मनीष शुक्ला, एक्सीलेंस प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में शास उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-एक में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त बीईओ,बीआरसी संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक उपस्थित रहे। जिसमे शत-प्रतिशत ऑनलाइन शिक्षक उपस्थिति के निर्देशित किया। उन्होंने सबसे खराब अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के प्राचार्यों को परीक्षा परिणाम सुधारने के सख्त निर्देश दिए।

**मुद्दा** — दोषियों पर त्वरित कार्यवाही की मांग

# विधायक ने पीड़ित को न्याय दिलाने उठाया मुद्दा

**नवभारत न्यूज पलेरा। ग्राम लखेरी में बिजली मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से युवक मोहन अहिरवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों सहित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के ओआईसी और लाइनमैन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिना लाइन बंद कराए कार्य कराया गयाए जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। मामले को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही के बिना वे पीछे नहीं हटेंगे। विधायक ने विधानसभा में मुद्दा उठाया है।**



खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर ने भी इस गंभीर घटना को मध्यप्रदेश विधानसभा में उठाते हुए दिवंगत मोहन अहिरवार को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद और संवेदनशील मामला है जिसमें बिजली विभाग की लापरवाही स्पष्ट दिखती है। उन्होंने पीडि़त परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। परिजनों को न्याय दिलाने की मांग तेज गांव के लोगों ने दोषियों पर त्वरित कार्यवाही कर मुआवज़ा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की मांग रखी है। प्रशासन द्वारा जांच शुरू कर दी गई है वहीं क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन न किए जाने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना ने फिर उजागर की बिजली विभाग की लापरवाही लगातार सामने आ रहे ऐसे हादसों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा उपायों पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर लाइन बंद की जाती और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते तो यह बड़ा हादसा टल सकता था। पीड़ित परिवार शोक में डूबा है और गांव में मातम पसरा हुआ है। सभी की मांग है कि मोहन अहिरवार को न्याय मिले और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। ग्राम लखेरी में बिजली मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से युवक मोहन अहिरवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों सहित ग्रामीणों ने लाइनमैन पर आरोप लगाए थे।

### पीड़ित परिवार के साथ जताईं संवेदनाएं

नवभारत से बातचीत करते हुए खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर ने बताया कि लखेरी में बिजली मरम्मत के दौरान करंट लगने से हमारी विधानसभा क्षेत्र के दिवंगत मोहन अहिरवार की मौत हो गई थी। जिसका मामला विधानसभा में उठाया उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।उन्होनें कहा कि पीड़ित परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं उन्हें न्याय दिलाया जायेगा

## प्लेसमेंट ड्राइव के लिए किया रजिस्ट्रेशन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा ओपन कैंपस प्लेसमेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कुल 116 छात्रों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। इस ड्राइव में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़, नौगांव, खुरई, पन्ना, सागर के 60 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए।**

कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम प्री-प्लेसमेंट टॉक आयोजित की गई, जिसमें कंपनी की प्रोफाइल, कार्य संस्कृति और करियर ग्रोथ की संभावनाओं पर जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों का लिखित टेस्ट तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 26 छात्रों का चयन किया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय ने मनाया खेल दिवस



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मुख्य आतिथ्य में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य संतोष सोनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात खिलाड़ियों को मशाल देकर कार्यक्रम के प्रारम्भ होने की घोषणा की गई।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने अपने संबोधन में बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे अपनी पूरी क्षमता से पढ़े व खेलें। उन्होंने कहा की असफल होने से नहीं डरना चाहिए क्योंकि असफलता हमें बड़ी सीख देती हैं। खेल दिवस पर विभिन्न अंतर सदनीय प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई एवं विजेता छात्रों को कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा प्रमाणपत्र दिये गये व मेडल पहनाये गए। विद्यालय के छात्रों ने योग, एरोबिक्स एवं नृत्य का सुंदर प्रदर्शन भी किया। सभी छात्र अपने अपने सदन का उत्साहवर्धन कर रहे थे।